पन-बिजली उत्पादन क्षमता

472. **श्री रणजीत सिंह :**
डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :

क्या विद्युत और गैर-पारस्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा आगामी पंचवर्षीय योजना अवधि में पन-बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो यह लक्ष्य क्या है और क्या इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समुचित संसाधन जुटाने की व्यवस्था कर ली गई है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या यह भी सच है कि गत पंचवर्षीय योजना अवधि में पन-बिजली के उत्पादन के निर्धारित लक्ष्यों को भी प्राप्त नहीं किया जा सका था;

(ङ) क्या यह भी सच है कि पन-बिजली के उत्पादन की लागत ताप-विद्युत के उत्पादन की लागत से कम होती है; और

(च) यदि हां, तो इस क्षेत्र में बिजली के उत्पादन को प्राथमिकता न दिये जाने के क्या कारण हैं ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) से (ग) आठवीं योजना में शामिल किए जाने के लिए कुल मिलाकर 9396.85 मे०वा० अनन्तिम क्षमता वाली 79 प्रमुख जल विद्युत परियोजनाओं का केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा पता लगाया गया है। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा पता लगाई गई इन परियोजनाओं के लिए योजना आयोग द्वारा योजना आबंटनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

(घ) जी, हां।

(ङ) जी, हां।

(च) जल विद्युत क्षमता के धीमे विकास के मुख्य कारण निम्नवत हैं :–

(1) पता न लगाए गए अधिकांश जल विद्युत संसाधन राज्यों में अवस्थित हैं, जिनके पास इनके विकास के लिए संसाधन उपलब्ध नहीं है।

(2) जल संसाधनों की भागीदारी से सम्बन्धित अन्तर्राज्यीय विवाद,

(3) वित्तीय बाधाएं।

(4) भूमि अधिग्रहण में समस्याएं, वन रोपण तथा विस्थापितों के पुनर्वास से सम्बन्धित समस्याएं और,

(5) कोंकिक सामयिकतनक घटनाओं के कारण विलम्ब।

Present Stage of Implamentation of Kayamkulam Ihermal *P*ower riant

473. SHRI M. A. BABY: Will the Minister of POWER AND NON-COISTVENTIONAL ENERGY SOtfR-CES be pleased to state the present stage of ipmlementation of the Kayamkulam Thermal Power Plant and the amount allocated for it for- the ensuing year?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF POWER AND NON-CONVENTTONAL ENERGY SOURCES (SHRI KALP NATH RAI): The proposal for setting up of 2x10 MW thernal power plant at Kayamgulam (Kerala) require clearance from Ministry